पत्रांक 5/2015/423/60-2-15-2/3(27)/05टी0सी0

प्रेषकः

प्रमुख सचिव,
बाल विकास एवं पुष्टाहार,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **समस्त जिलाधिकारी**,
   उत्तर प्रदेश।
2. **समस्त मुख्य विकास अधिकारी**,
   उत्तर प्रदेश।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 09 फरवरी, 2015

विषय; राज्य पोषण मिशन के अन्तर्गत गठित जिला पोषण समिति के संबंध में।

महोदय,

प्रदेश में कुपोषण से बचाव एवं रोकथाम के लिये बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनायें संचालित की जा रही है। योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावी एवं परिणाम लक्षित बनाने के लिये स्वास्थ्य विभाग एवं आई0सी0डी0एस0 तथा अन्य सहयोगी विभाग का समन्वय अतिआवश्यक हैं। इस हेतु शासनादेश सं0 66/60-2-14-2/3(27)/05 टी0सी0 दिनांक 12-01-2014 द्वारा जिला पोषण समिति गठित की गयी है। जनपद स्तर पर पोषण मिशन के कार्य को प्रभावी रुप से क्रियान्वित करने हेतु जनपद स्तरीय पोषण समिति का कार्य क्षेत्र निम्नवत् होगा;-

- जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा गोद लिये गये ग्रामों में भ्रमण की समीक्षा।
- जनपद में गोद लिये गये गावों की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा एवं कृत कार्यवाही।
- जनपद में जिला चिकित्सालय/पोषण पुर्नवास केन्द्र की मासिक रिपोर्ट की समीक्षा।
- ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवसों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा।
- ग्राम स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता समिति की क्रियाशीलता पर चर्चा।
- गर्म पका पकाया खाना-धन की उपलब्धता एवं क्रियान्वयन
- पूरक पोषाहार (एस0एन0पी0) उपलब्धता एवं वितरण।
- स्वास्थ्य विभाग के एच0आई0एम0एस0 (HIMS) में निम्न बिन्दुओं की मासिक समीक्षा

✓ चार प्रसर्व-पूर्व कराने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या।

✓ टी0टी0-1 टीकाकरण कराने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या।

http://shasanadesh.up.nic.in/

- ✓ टी0टी0-2 या बूस्टर टीकाकरण कराने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या।
- ✓ 100 आयरन की गोलियां प्राप्त करने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या।
- ✓ 11 ग्रा0 से कम **हेमोग्लोबिन** वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या।
- ✓ गंभीर एनिमिया के लिए स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार लेने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या।
- ✓ जन्म के समय वजन किए गए नवजात शिशुओं की संख्या।
- ✓ उपरोक्त में से कम वजन (2.5 कि0ग्रा0 से कम) शिशुओं की संख्या।
- ✓ एक घंटे के भीतर स्तनपान कराए गए शिशुओं की संख्या।
- ○ राज्य पोषण मिशन से संबंधित सूचनाओं की वेबसाइट **(www.snmup.in)** पर अपेक्षित सूचनाओं का अंकन व प्रेषण।
- ○ आगामी बैठक आयोजित करने हेतु एजेंडा पर चर्चा।
- ○ अन्य विषय (आवश्यकतानुसार)।

जनपद स्तरीय पोषण समिति की बैठक का आयोजन प्रत्येक माह करते हुए कार्यवृत्त नियमित रुप से राज्य पोषण मिशन को प्रेषित किया जायेगा।

भवदीय

सदाकान्त
प्रमुख सचिव

पत्रांक;- 5/2015/423/60-2-15 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1- प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उ0प्र0 शासन।
2- महानिदेशक, राज्य पोषण मिशन, उ0प्र0।
3- समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4- मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0।
5- निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
6- समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी, उ0प्र0।
7- समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

सुधा शुक्ला
उपसचिव

http://shasanadesh.up.nic.in/